मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-243
07/05/2020

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा, मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

- बाहर से बड़ी संख्या में बिहार के लोग आ रहे हैं, अतः प्रखण्ड क्वारंटाइन सेंटर की व्यवस्था को सुदृढ़ रखें और निर्धारित मानक प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुरूप पूरी व्यवस्था करें, किसी को समस्या नहीं हो

- बड़ी संख्या में बिहार आने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या को ध्यान में रखते हुये पंचायत स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर को भी अपग्रेड कर प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर की तरह सुदृढ़ करें तथा अच्छी व्यवस्था रखें

- रैंडम टेस्टिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें, इसके लिये पूर्व में दिये गये निर्देश के अनुसार सभी जिलों में टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र शुरू हो, इससे कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकेगा एवं लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा होगी

- प्रवासी मजदूरों के स्किल सर्वे से प्राप्त प्रोफाइल के अनुसार रोजगार सृजन हेतु सभी विभाग अग्रिम तैयारी रखें

- कोरोना जॉच में तेजी लाने हेतु सभी जिला अस्पतालों में तय प्रोटोकॉल के अनुसार ट्रूनैट किट्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय, इसके लिये समुचित प्रशिक्षण की भी व्यवस्था हो एवं टेस्टिंग की गुणवता पर विशेष ध्यान रखा जाय

- कोरोना संक्रमण की चिन्हित चेन की पुनः समीक्षा करते रहें ताकि कोई कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में छूटे नहीं, इससे चेन को पूरी तरह तोड़ा जा सकेगा

- कोरोना के फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रोत्साहित करते रहें, साथ ही अस्पतालों के प्रबंधन को भी सुदृढ़ रखें

- कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझना होगा, लोग धैर्य बनाये रखें, गाइडलाइन्स का पालन करें, तभी कोरोना को हराने में सफलता मिलेगी

पटना, 07 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर किये जा रहे उपायों पर विस्तृत चर्चा हुयी।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि बाहर से बड़ी संख्या में बिहार के लोग आ रहे हैं, अतः प्रखण्ड क्वारंटाइन सेंटर की व्यवस्था को सुदृढ़ रखें और निर्धारित मानक प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुरूप पूरी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों को क्वारंटाइन सेंटर में कोई समस्या नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बिहार आने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या को ध्यान में रखते हुये पंचायत स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर को भी अपग्रेड कर प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर की तरह सुदृढ़ करें तथा वहॉ भी अच्छी व्यवस्था रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रैंडम टेस्टिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि इसके लिये पूर्व में दिये गये निर्देश के अनुसार सभी जिलों में टेस्टिंग की व्यवस्था शीघ्र शुरू करें। रैंडम टेस्टिंग से न केवल कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकेगा बल्कि लोगों में सुरक्षा की भावना भी पैदा होगी। उन्होंने कोरोना जॉच में तेजी लाने हेतु सभी जिला अस्पतालों में तय प्रोटोकॉल के अनुसार ट्रूनैट किट्स की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिये समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था हो एवं टेस्टिंग की गुणवता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि कोरोना संक्रमण की चिन्हित चेन की पुनः समीक्षा करते रहें ताकि कोई कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में छूटे नहीं, इससे कोरोना संक्रमण की चेन को पूरी तरह तोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से निपटने के लिये फ्रंटलाइन वर्कर्स लगातार काम कर रहे हैं। कोरोना के फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रोत्साहित करते रहें, साथ ही अस्पतालों के प्रबंधन को भी सुदृढ़ रखने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी मजदूरों के स्किल सर्वे से प्राप्त प्रोफाइल के अनुसार रोजगार सृजन हेतु सभी विभाग अग्रिम तैयारी रखे ताकि उनके स्किल के अनुरूप उनका उपयोग किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझना होगा। लोग धैर्य बनाये रखें, गाइडलाइन्स के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, तभी कोरोना को हराने में सफलता मिलेगी।

******